**S-00** Roll No. …………………..

# MAHL–102

मध्यकालीन कविता

M. A. Hindi (MAHL-12/16/17)

First Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. प्रेममार्गी शाखा के कवियों और इस काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का विस्तार से वर्णन कीजिए।
2. कबीर के काव्य के सामाजिक पक्ष की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।
3. आचार्य केशवदास के काव्य की भावपक्षीय व कलापक्षीय विशषताओं को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

4. बिहारी के काव्य के भाषा-शिल्प की उदाहरण सहित समीक्षा कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. ज्ञानमार्गी शाखा की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।
2. कबीर के राम के स्वरूप का निर्धारण कीजिए।
3. मीरा की भक्ति-भावना को स्पष्ट कीजिए।
4. तुलसी के लोकनायकत्व पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।
5. संत नानक के कृतित्व पर प्रकाश डालिए।
6. रीतिसिद्ध, रीतिबद्ध व रीतिमुक्त काव्यधारा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
7. केशवदास की संवाद योजना पर एक टिप्पणी लिखिए।
8. घनानन्द के कृतित्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. अष्टछाप की स्थापना किसके द्वारा हुई ?

   (क) विट्ठलनाथ

(ख) सूरदास
(ग) आचार्य बल्लभ
(घ) कबीरदास

2. सूरदास के गुरु का नाम है :
(क) विट्ठलनाथ
(ख) आचार्य बल्लभ
(ग) गोपीनाथ
(घ) हरिदास

3. तुलसीदास की मृत्यु तिथि है :
(क) संवत 1690
(ख) संवत 1671
(ग) संवत 1680
(घ) संवत 1659

4. मीराबाई की प्रधान भाषा है :
(क) राजस्थानी
(ख) ब्रज
(ग) पंजाबी
(घ) भोजपुरी

5. निम्नलिखित में से कौन रीतिमुक्त कवि है ?
(क) केशवदास
(ख) बिहारी
(ग) भिखारीदास
(घ) घनानन्द

6. 'विनयपत्रिका' की भाषा है :

   (क) ब्रज

   (ख) अवधी

   (ग) प्राकृत

   (घ) खड़ी बोली

7. 'बिहारी सतसई' किस प्रकार की रचना है ?

   (क) नीति प्रधान

   (ख) भक्ति प्रधान

   (ग) लक्षण प्रधान

   (घ) शृंगार प्रधान

सत्य/असत्य लिखिए :

8. 'कहत, नटत, रीझत, मिलत खिझान लजियात' मतिराम कवि की काव्य पंक्ति है। (सत्य/असत्य)

9. 'कातिक सरद-चंद उजियारी, जग शीतल विरहै जारी' काव्य पंक्ति जायसी की है। (सत्य/असत्य)

10. 'रामचन्द्रिका' महाकाव्य का रचनाकाल 1601 ई. है। (सत्य/असत्य)